## ब्रीफ खबरें

### पुजारी को मिला प्राण प्रतिष्ठा का निमंत्रण

**जयनगर।** प्रखंड के घाघडीह स्थित श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर के पुजारी स्वामी कमल दास महाराज को अयोध्या मे श्रीराम लला की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के महासचिव चंपत राय द्वारा आमंत्रण पत्र भेजा गया है. विभाग गौ रक्षा प्रमुख अजय वर्मा, विश्व हिंदू परिषद प्रखंड अध्यक्ष विनोद कुमार वर्णवाल ने निमंत्रण पत्र अयोध्या जाने के लिए दिया. मौके पर बजरंग दल सह संयोजक महादेव शर्मा, लक्ष्मी नारायण विद्यापीठ के प्राचार्य रामविलास, सूरज कुमार मौजूद रहे.

### रेलवे ट्रैक पर मिला शव जांच में जुटी पुलिस

**कोडरमा।** कोडरमा-गझंडी के बीच रेलवे ट्रैक से एक अज्ञात शव बरामद किया गया है. कोडरमा स्टेशन पर तैनात प्रधान आरक्षी अजय कुमार सिंह और मनोज कुमार सिंह ने निरीक्षण के दौरान पाया कि मेन लाइन पर एक अज्ञात शव पड़ा हुआ है. मृतक की उम्र करीब 40 वर्ष है. इसके बाद आरपीएफ ऑन ड्यूटी स्टाफ ने जीआरपी कोडरमा को इसकी सूचना दी. शव को रेलवे ट्रैक से हटाया गया और उसे पोस्टमार्टम के लिए कोडरमा सदर अस्पताल भेजा गया. मेन लाइन से शव हटाने के बाद रेल परिचालन सामान्य हो गया.

### बरकाकाना अंजुमन के सदर अफरोज आलम

**रामगढ़।** अंजुमन अस सालेहीन बरकाकाना में चार पदों के लिए वोटिंग प्रक्रिया सोमवार को हुई. चुनाव में सदर पद पर अफरोज आलम, सेक्रेटरी मो. साजिद अंसारी, खजांची मो. अफरोज और नायब सदर उमर अंसारी निर्वाचित हुए. वहीं दो अन्य सदस्य नायब सेक्रेटरी परवेज खान और नायब खजांची मो. जुनैद अली निर्विरोध घोषित किये गए. सभी विजेता उम्मीदवों को बरकाकाना मदरसा में प्रमाण पत्र दिया गया. मौके पर मो. खलील, मोइन खान, इकबाल खान, नौशाद अहमद, शकील अंसारी, बबली अंसारी, महमूद इराकी, मो. फारूक, हातिम अंसारी, दुर्वेज आलम आदि थे.

### बरही विधायक ने किया सड़क का शिलान्यास

**चंदवारा।** प्रखंड क्षेत्र के उरवां से कांटी तक पथ एवं नाली का निर्माण कार्य का शिलान्यास बरही विधायक उमाशंकर अकेला यादव ने फीता काट कर किया. निर्माण कार्य 4 करोड़ 80 लाख की लागत से होना है. इस दौरान विधायक ने सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में लोगों को बताया. कहा कि हेमंत सरकार गांव के लोगों को बेहतर आवागमन के लिए सुदूर क्षेत्रो में भी सड़कों का जाल बिछा रही है. जल्द ही और कई सड़कों के निर्माण कार्य का शिलान्यास होगा.

### एक जनवरी से हड़ताल पर रहेंगे पीडीएस डीलर

**रामगढ़।** ऑल इंडिया फेयर प्राइस शॉप डीलर्स फेडरेशन की झारखंड राज्य इकाई के आह्वान पर आगामी एक जनवरी से राष्ट्रव्यापी अनिश्चितकालीन हड़ताल किया जाना है. इसी को लेकर बड़कीपोना स्थित पंचायत सचिवालय में चितरपुर प्रखंड के सभी डीलरों की एक बैठक हुई. बैठक में मुख्य रूप से फेयर प्राइस डीलर्स एशोसिएशन के जिला संरक्षक रोशनलाल चौधरी, जिलाध्यक्ष अमरलाल महतो, जिला सचिव राजकुमार सिंह, दुलमी प्रखंड अध्यक्ष सुजीत महतो, गोला प्रखंड कार्यकारी अध्यक्ष दिगंबर महतो आदि थे.

### ज्ञानी जैल सिंह की 29वीं पुण्यतिथि मनाई

**कोडरमा।** झारखंड प्रदेश विश्वकर्मा समाज के द्वारा ग्राम चांदेडीह स्थित परमेश्वर राणा के आवास पर भारत के पूर्व राष्ट्रपति स्व ज्ञानी जैल सिंह की 29वीं पुण्यतिथि मनाई गई. कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष सुभाष राणा तथा संचालन जिला महासचिव सुखदेव राणा ने किया. इस पुण्यतिथि में लोगों के द्वारा श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया तथा सामाजिक संगठन एवं शिक्षा पर विशेष चर्चा की गई. जिला अध्यक्ष सुभाष राणा ने कहा कि शिक्षा ही मूल धन है. मौके पर कोडरमा प्रखंड अध्यक्ष शंकर राणा को चुना गया.

---

### प्राकृतिक संसाधन और भौगोलिक संरचनाओं से अवगत हुए विवेकानंद कॉन्वेंट के 75 बच्चे

# बच्चों ने जैविक उद्यान व पतरातू डैम का किया भ्रमण

**संवाददाता। कोडरमा**




पतरातू घाटी के भ्रमण के दौरान विवेकानंद कॉन्वेंट स्कूल के बच्चे एवं शिक्षक.

**शैक्षणिक भ्रमण**

- जानवरों और पक्षियों का दीदार कर ली जानकारी
- भ्रमण में कई लजीज व्यंजनों का भी लुत्फ उठाया

जिले के चेचई, चाराडीह स्थित विवेकानंद कॉन्वेंट स्कूल के छात्र-छात्राओं को शैक्षणिक भ्रमण कराया गया. वरीय शिक्षक राहत अली और चंदन कुमार चौधरी की अगुवाई में 75 छात्र-छात्राओं को ओरमांझी रांची स्थित भगवान बिरसा मुंडा जैविक उद्यान और पतरातू डैम व घाटी के टूर पर ले जाया गया. जैविक उद्यान में बच्चों ने कई जानवरों व पक्षियों का दीदार कर उसके बारे में विस्तृत जनकारी प्राप्त की.

दूसरी ओर बच्चों ने पतरातू घाटी व डैम का सैर कर प्राकृतिक संसाधन और उसकी भौगोलिक संरचनाओं से अवगत हुए. बच्चों ने भ्रमण के साथ-साथ कई प्रकार के लजीज व्यंजनों का भी लुत्फ लिया. विद्यालय के निदेशक अनिल कुमार ने कहा कि इस तरह के शैक्षणिक भ्रमण से बच्चों में बौद्धिक व मानसिक विकास होता है. बच्चों को भौतिक रूप से जगहों और चीजो को देखने व समझने का अवसर मिलता है. इस भ्रमण में शिक्षक अनुपम कुमार दास, राजीव रंजन, शिक्षिका सुमिता कुमारी, सुनंदा पाठक, पूजा यादव और मनीषा प्रजापति आदि मौजूद थे.

---

## आओ जानें
### सामान्य ज्ञान

- अकबर ने कब दिन-ए-इलामी धर्म चलाया था – **1582 ई**
- सर्वाधिक न्यूनतम ज्वलनशील रेशा – **कपास सूत**
- भारत के समुद्री मार्ग की खोज किसने की थी – **वास्को-डी-गामा**
- पश्चिम घाट को भारत में क्या कहा जाता है – **सह्याद्रि**
- स्थायी बंदोबस्त किससे संबंधित है – **लॉर्ड कार्नवालिस**
- टाइगर स्टेट किस राज्य को कहा जाता है – **मध्य प्रदेश**
- ट्विंकल खन्ना की नई पुस्तक का नाम – **वेलकम टू पैराडाइज**
- त्रिपिटक साहित्य किस धर्म से संबंधित है – **बौद्ध धर्म**
- वेस्टइंडीज के क्रिकेटर ने संन्यास लेने की घोषणा की – **शेन डॉरिच**

---

### पादरी थॉमस बजरई ने किया यीशु के बताए मार्ग पर चलने का आह्वान

# शांति का पैगाम देते हैं यीशु

**संवाददाता। रामगढ़**



**क्रिसमस उत्साह**

- संत पैट्रिक चर्च चितरपुर में की गई विशेष प्रार्थना सभा
- रात भर मनाया गया प्रभु यीशु के जन्म का जश्न
- प्रभु यीशु की प्रतिमा को आशीष देते हुए चरणी में किया स्थापित

चितरपुर स्थित संत पैट्रिक चर्च में आयोजित विशेष प्रार्थना सभा में पादरी थॉमस बजरई ने कहा कि धरती पर प्रभु यीशु का जन्म शांति और प्रेम का संदेश देने के लिए हुआ था. प्रभु यीशु मसीह का जन्म का उत्साह लोग इसलिए मनाते हैं, ताकि धरती पर अमन, चैन, शांति और प्रेम का माहौल बरकरार रहे. फादर सोमवार सुबह चितरपुर स्थित संत पैट्रिक चर्च में आयोजित विशेष प्रार्थना सभा को संबोधित कर रहे थे.

उन्होंने कहा श्रृष्टि को बनाने वाले ने खुद यीशु मसीह के रूप में धरती पर जन्म लिया. दूसरों के पाप और गुनाहों के लिए खुद को सजा देते हुए यीशू मसीह क्रॉस पर बलिदान हुए. पादरी थॉमस बजरई ने लोगों को यीशु मसीह के बताए रास्ते पर चलने का आह्वान किया. प्रार्थना सभा में चितरपुर सहित आसपास के क्षेत्रों से लोग पहुंचे हुए थे. इससे पूर्व बीती रात भर प्रभु यीशु का जन्म दिवस को लेकर चरणी सजाया गया. प्रभु के जन्म के मौके पर स्वागत गीत भी गाया गया. पुरोहितों ने प्रभु यीशु की प्रतिमा को गोद में उठाकर चरणी में आशीष देते हुए स्थापित किया. इसके बाद मिस्सा पूजा की गई. कार्यक्रम में शामिल लोगों ने एक-दूसरे को क्रिसमस की बधाई दी. मौके पर प्रचारक हस्सा पूर्ति, लूकस पूर्ति सहित मनीष हांसदा, अभय कुमार दास, अंजना भंवरा, पूनम तिग्गा, उषा लकड़ा, सरिता मुनी, अभिषेक मुंडू, सांता तिर्की, विश्वासी दास सूरज सहित कई मौजूद थे.

### ग्रिजली बीएड कॉलेज ने ग्रामीणों के साथ मनाया क्रिसमस

- ग्रामीणों को गर्म कपड़े, खाद्य सामग्री व फल बांटे
- ग्रिजली विद्यालय में भी रही क्रिसमस पर्व की धूम

**संवाददाता। कोडरमा**



ग्रिजली कॉलेज ऑफ एजुकेशन के आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ के तत्वावधान में गोद लिए गांव इंदरवाटांड़ में क्रिसमस मनाया गया. इसमें महाविद्यालय के सभी सदस्यों और बीएड सत्र 22-24 और 23-25 के प्रशिक्षु शामिल रहे. कार्यक्रम की शुरूआत स्वागत गान से हुई. मौके पर केक काटा गया और क्रिसमस की बधाई दी गई. साथ ही महाविद्यालय की ओर से ग्रामीणों को गर्म कपड़े, खाद्य सामग्री, फल और मिठाइयां बांटी गईं.

वहीं तिलैया डैम स्थित ग्रिजली विद्यालय में पूरे उत्साह और उमंग के साथ क्रिसमस मनाया गया. विद्यालय में क्रिसमस से संबंधित कार्यक्रम आयोजित किए गए. विद्यालय के प्री प्राइमरी के छात्रों ने एक से बढ़कर एक शानदार कार्यक्रम प्रस्तुत किए. छात्र युवान, पिहू, रुद्र, नारायण ने जिंगल बेल गाने पर शानदार नृत्य प्रस्तुत किये. वहीं छात्रा अक्षिता, दिव्या, अवयम, अंजलि, सानवी, आराध्या, अनन्या ने क्रिसमस कैरोल प्रस्तुत किया. कार्यक्रम का विशेष आकर्षण संता क्लॉज के आगमन पर आयोजित नृत्य था, जिसमे शामिल होकर छात्रों ने खूब मस्ती की. वहीं संता क्लॉज से ढेर सारे गिफ्ट और चॉकलेट बांटे.

इस अवसर पर विद्यालय के सीईओ प्रकाश गुप्ता ने सभी छात्रों को क्रिसमस और नए साल की शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की. कार्यक्रम के सफल संचालन में संयोजक तुषार रॉय चौधरी, प्रीति जगनानी, शिक्षिका रिम्मी चटर्जी, नेहा बरनवाल, सारिका देवी, नीतू कुमारी, जिज्ञासा कुमारी, प्रिया कुमारी, श्वेता प्रकाश, उषा सिंह, अल्पना श्रीवास्तव, बनानी नियोगी आदि का योगदान सराहनीय था.

---

# क्रिसमस डे पर गुलजार रहा तिलैया डैम



**चंदवारा/कोडरमा।** प्रखंड अंतर्गत तिलैया डैम क्रिसमस डे पर गुलजार रहा. सुबह से ही तिलैया डैम में सैलानियों के आने का सिलसिला शुरु हो गया था. देखते ही देखते तिलैया डैम में सैलानियों की भीड़ उमड़ पड़ी. बड़ा दिन 25 दिसंबर को मनाया जाता है, इसी कारण तिलैया डैम में नौका विहार करने के लिए सैलानियों की भीड़ उमड़ती है. सभी लोग बड़ा दिन का जश्न मनाने के लिए तिलैया डैम पहुंचे थे. वहीं, सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सुबह से ही तिलैया डैम पर पुलिस बल की तैनाती दिखी. वहीं नीचे मोड़ के पास से ही दुपहिया एवं चार पहिया वाहनों को रोक दिया गया था. तिलैया डैम ओपी प्रभारी अमृता खलखो भी गश्ती करती नजर आईं.

### अनियंत्रित होकर बाइक सवार गिरा, घायल

**जयनगर।** थाना क्षेत्र अंतर्गत तेतरौन मस्जिद के समीप बीती देर रात एक बाइक सवार अनियंत्रित होकर गिर गया. इस घटना में वह गंभीर रूप से घायल हो गया. घायल बाइक सवार पहचान मरकच्चो थाना क्षेत्र के दशारो गांव निवासी मोहम्मद अंसारी के पुत्र अहमद अंसारी (50) के रूप में की गई है. ग्रामीणों की मदद से घायल अधेड़ को नजदीकी निजी क्लीनिक में भर्ती कराया. वहां चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे बेहतर इलाज के लिए कोडरमा सदर अस्पताल रेफर कर दिया.

# नशे में धुत दारोगा ने पुलिस लाइन में चलाई 28 राउंड गोली

**संवाददाता। हजारीबाग**

पुलिस लाइन में सोमवार को एसआई द्वारा शराब के नशे में पुलिस लाइन के अंदर अपने ही सर्विस रिवाल्वर से 28 राउंड गोली चलाने का मामला प्रकाश में आया है. बताया जा रहा है कि एसआई बृजनंदन पीसीआर ड्यूटी में कार्यरत हैं. शाम सात 7 बजे ड्यूटी कर वापस पुलिस लाइन आने के बाद बैरक में ही थे. रात करीब आठ बजे पुलिस लाइन की सड़क पर निकल कर करीब 6 राउंड हवा में गोली चला दी. इसके बाद भी मन नहीं भरा, तो फिर अपने कमरे में जाकर रिवाल्वर में फिर से गोली भरी और हवा में चलाने लगे. बताया जा रहा है कि कुल 28 राउंड गोली चलाई गई है. इधर, गोली की आवाज सुनकर जवानों में अफरातफरी मच गई. कुछ देर बाद दो जवानों ने बुलेट प्रूफ जैकेट पहनकर एसआई बृजनंदन को पकड़ा. पुलिस मामले की जांच कर रही है. खबर लिखे जाने तक आरोपी एसआई पर मामला दर्ज करने की तैयारी चल रही थी.

---

# लक्ष्य कान्वेंट में 13वां एनुअल सेलिब्रेशन

**संवाददाता। डोमचांच**



**सांस्कृतिक कार्यक्रम**

- बुद्धिजीवियों को शिक्षा में क्रांति का श्रेय : संतोष
- छात्र-छात्राओं ने रंगारंग कार्यक्रमों की दी प्रस्तुति

लक्ष्य कान्वेंट स्कूल में क्रिसमस डे के अवसर सामूहिक रूप से दीप प्रज्जवलित कर एनुअल डे सेलिब्रेशन मनाया गया. कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला परिषद अध्यक्ष रामधन यादव, विशिष्ट अतिथि जिला परिषद सदस्य शांति प्रिय, डोमचांच प्रखंड प्रमुख सत्यनारायण यादव, इंटर कॉलेज के पूर्व प्राचार्य सुखदेव प्रसाद, रांची से जेबीकेएसएस नेता मनोज यादव, रविशंकर यादव, कृष्णा यादव, ऑक्सब्रिज के शिक्षक सौरव, बालदेव यादव, डीएवी स्कूल के प्राचार्य सुनील दास, दिलीप यादव, स्वरूप यादव, संतोष सिन्हा, बिट्टू यादव, संजय यादव आदि गणमान्य उपस्थित रहे.

इस दौरान लक्ष्य कॉन्वेंट स्कूल के डायरेक्टर संतोष यादव ने कहा कि आज जो शिक्षा के क्षेत्र में क्रांति जगी है, इसका श्रेय यहां के बुद्धिजीवियों और समाजसेवियों को जाता है. इस दौरान विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी. कार्यक्रम को सफल बनाने में स्कूल के शिक्षकों में सोनू, मनीष, गौरव अमित, सागर शिक्षिका ऋतु, खुशबू, रिया, निकी, शालिनी, शालू, दीपाली, सुरुचि एवं छात्र-छात्राओं ने महती भूमिका निभाई.

### बिना चालान ब्लू स्टोन चिप्स लदा ट्रैक्टर जब्त

**जयनगर।** थाना क्षेत्र अंतर्गत इलाके में पुलिस ने छापेमारी अभियान चलाया. इस दौरान डोमचांच-जयनगर मार्ग स्थित फॉरेस्ट बंगला के समीप बिना चालान के ब्लू स्टोन चिप्स परिवहन कर रहे एक ट्रैक्टर को पकड़ा गया. हालांकि, पुलिस की गाड़ी देख कर ट्रैक्टर चालक गाड़ी छोड़ फरार हो गया. उक्त ट्रैक्टर को जब्त कर थाना में सुरक्षित रखा गया है. वहीं, अग्रिम कार्रवाई हेतु खनन पदाधिकारी कोडरमा को प्रतिवेदन भेजने की प्रक्रिया में पुलिस जुट गई है. इस कार्रवाई में जयनगर थाना प्रभारी राजेंद्र राणा समेत पुलिस बल के जवान शामिल थे. थाना प्रभारी ने कहा कि अवैध खनन, भंडारण व परिवहन के खिलाफ आगे भी अभियान जारी रहेगा.

# सिमरकुंडी में वृक्ष रक्षाबंधन महोत्सव

**संवाददाता। मरकच्चो**



**वन सुरक्षा**

- ग्रामीणों के सार्थक प्रयास की उपायुक्त ने की सराहना
- कहा- पर्यावरण संतुलन के लिए पेड़-पौधों की रक्षा जरूरी

प्रखंड के सुदूरवर्ती पंचायत डगरनवां के ग्राम सिमरकुंडी के ग्रामीणों ने वृक्ष रक्षाबंधन महोत्सव का आयोजन किया. कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि कोडरमा उपायुक्त मेघा भारद्वाज, वन प्रमंडल पदाधिकारी सूरज कुमार सिंह, एसपी अनिरुद्ध सिंह, एसडीओ संदीप मीणा, एएसपी प्रवीण पुष्कर मुख्य रूप से उपस्थित थे. इस अवसर पर डीसी ने सिमरकुंडी के ग्रामीणों की सराहना की.

उन्होंने कहा कि जिस तरह से यहां की जनता वन सुरक्षा को लेकर कार्यक्रम का आयोजन कर जागरूकता फैला रहे हैं, वह काफी सराहनीय कदम है. डीसी ने यह भी कहा कि पर्यावरण को संतुलित रखने के लिए पेड़-पौधों की रक्षा करना आवश्यक है, तभी हम आने वाली पीढ़ी को सुरक्षित भविष्य दे पाएंगे. कार्यक्रम का संचालन सुरेंद्र सिंह और धन्यवाद ज्ञापन मुखलाल रॉय ने किया. मौके पर बीडीओ सना उस्मानी, रेंजर रविंदर सिंह, फॉरेस्टर मनोज सोरेन, जेई करण सिंह, पंचायत सेवक रवि रंजन, किशोर कुमार, छोटू महतो, बीरेंद्र रॉय, मो इस्लाम, चारो हांसदा, देवकी रॉय, पंसस गोविंद यादव, छोटे टुड्डू आदि मौजूद थे.

---

### डेमोटांड़ में रैयत की लंबी-चौड़ी चहारदीवारी गिराने के बाद लगाया आरोप, सीएम को लिखा पत्र

# आदिवासी की जमीन पर कब्जा करने का प्रयास

**संवाददाता। हजारीबाग**



**जांच जरूरी**

- प्रशासन और जमीन माफिया में घालमेल का आरोप
- एसडीओ के फैसले के खिलाफ कोर्ट में चल रहा वाद

जिला प्रशासन द्वारा शनिवार को दंडाधिकारी को प्रतिनियुक्ति कर डेमोटांड़ में रैयत की लंबी-चौड़ी चहारदीवारी गिरा दिये जाने को लेकर सवाल उठने लगे हैं. जिला प्रशासन को इस कार्रवाई को लेकर इलाके के लोगों में भारी नाराजगी है. लोगों का कहना है कि एक पक्ष को लाभ पहुंचाया गया है. भुक्तभोगियों के अनुसार, जिस रास्ते की आड़ लेकर अधिकारियों ने यह कार्रवाई की है, वह रास्ता है ही नहीं.

आरोप लगाया गया कि जिला प्रशासन और माफिया के घालमेल में उक्त जगह को रास्ता दिखाकर कार्रवाई कर दी गई. इस कार्रवाई के दौरान जमीन मालिक अपने वैध कागजात दिखाता रहा. बताया कि सदर एसडीओ के न्यायालय के फैसले के खिलाफ व्यवहार न्यायालय का दरवाजा भी खटखटाया है और वहां वहां मामला 59/2023 लंबित है. लेकिन दंडाधिकारी ने एसडीओ कोर्ट का हवाला देते हुए लंबी-चौड़ी चाहरदीवारी गिरवा दी. इस कार्रवाई में सौर प्लेट समेत लाखों के सामान बर्बाद हो गए.

**क्या है मामला और क्यों चहारदीवारी गिराई गई :** भुक्तभोगी संजय कुमार और अरुण कुमार ने बताया कि एनएच 33 डेमोटांड में अवस्थित जमीन खाता संख्या 42, प्लॉट नंबर 232, रकबा 8 डिसिमिल केवाला संख्या 12402 को 20 नवंबर 2008 को उसने खरीदा था. उक्त जमीन मोसमात सदी कंवरी द्वारा बेची गई थी. उन्होंने जमीन का शेष हिस्सा दस्तावेज 787 द्वारा सेमपुरल भेंगरा को बेच दिया. दोनों जमीन का कुछ हिस्सा एनएच 33 के अधिग्रहण में जाने पर एनएचएआई की ओर से इन्हें मुआवजा का भुगतान किया गया था. अब संकरी हो गयी जमीन से होकर पीछे की जमीन पर रास्ता निकालने के लिए संजय कुमार और अरुण कुमार की जमीन की चहारदीवारी गिरा दी गई, ताकि पीछे की 10 से 20 एकड़ जमीन के लिए एनएच 33 से भी रास्ता निकल सके.

**आदिवासी जमीन की लूट का गंभीर आरोप**

भुक्तभोगियों ने चहारदीवारी गिराने के बाद सीएम को पत्र लिख कर आदिवासी जमीन की लूट का गंभीर आरोप लगाया है. पत्र में कहा है कि गलत तरीके से आदिवासी सैमपुरल भेंगरा की जमीन की खरीद-बिक्री हुई है. भू-माफियाओं के धनबल और जिला प्रशासन के घालमेल से बड़ खेल चल रहा है. आदिवासी की यह जमीन सुनील जैन ने खरीदी. जमीन की खरीद-बिक्री की जांच में कई लोग फंसेगे. आरोप लगाया कि जिस पतवा देवी के नाम से पहले यह जमीन रुपचंद अग्रवाल ने खरीदी थी.

# बिंडोमोह: दो पक्षों में जमकर मारपीट, आधा दर्जन घायल

**संवाददाता। मरकच्चो**

**जमीन विवाद**

- दोनों पक्ष ने थाना में दिया आवेदन, जांच में जुटी पुलिस
- नवलशाही थाना के बिंडोमोह पासवान टोला का मामला

नवलशाही थाना क्षेत्र अंतर्गत बिंडोमोह के पासवान टोला में जमीन विवाद में दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट व पत्थरबाजी हुई. इस घटना में दोनों पक्ष से आधा दर्जन लोग घायल हो गए. सूचना पाते ही नवलशाही थाना के एसआई कुमार शिवम दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे और मामले को शांत कराया. वहीं घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल, कोडरमा भेजा गया.

घटना को लेकर दोनों पक्षों ने थाना में आवेदन देकर मामला दर्ज कराया गया है. एक पक्ष के ब्यास पासवान ने कहा है कि वह अपनी पुश्तैनी मिट्टी के मकान को तोड़कर मकान की ढलाई करा रहे थे. इसी क्रम में रविवार शाम जागेश्वर राम, संतोष पासवान, धीरज पासवान, सहदेव राम, सहदेव राम की पत्नी, दीपक पासवान, सुरेश पासवान आकर मारपीट करने लगे. इसमें ब्यास पासवान, मालती देवी, कुंदन पासवान, साजन पासवान और विकास पासवान गंभीर रूप से घायल हो गए. वहीं दूसरे पक्ष से जागेश्वर राम ने आवेदन देकर मारपीट व हमला करने का आरोप लगाया है. पुलिस मामले की जांच में जुट गई है.